RNI-MPHIN/2013/53761

वर्ष-3, अंक-26
इन्दौर, गुरुवार
26 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.


# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने 37 हत्यारों की मौत की सज़ा कम करने के लिए बाइडेन की आलोचना की

**वाशिंगटन,(एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संघीय मौत की सजा पाए 37 लोगों की सजा कम करने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना की तथा इसे पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के लिए झटका बताया। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, जो बाइडेन ने अभी-अभी हमारे देश के 37 सबसे बुरे हत्यारों की मौत की सज़ा कम की है।

### झड़पों में 21 की मौत

**मापुटो।** मोजाम्बिक में राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम नतीजों की घोषणा के बाद 24 घंटों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। समाचार एजेंसी ने आंतरिक मंत्री पास्कोल रोंडा का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में, देश की पुलिस ने गंभीर हिंसा की कुल 236 घटनाएं दर्ज की हैं, जिसके परिणामस्वरूप 21 लोगों की मौत हो गई।

### केरल के नये राज्यपाल नियुक्त

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** बिहार के 29वें राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह आरिफ मोहम्मद खान की जगह लेंगे, जो अब बिहार के राज्यपाल होंगे। गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं गोवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अर्लेकर बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे हैं।

### हमले में तीन लोगों की मौत

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस (हैती),** । हैती में देश के सबसे बड़े सार्वजनिक अस्पताल को फिर से खोलने की घोषणा के लिए आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान हथियारबंद लोगों ने पत्रकारों, पुलिस और चिकित्सा कर्मचारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

### गोलाबारी में 3 की मौत

**काहिरा।** पश्चिमी तट पर तुल्कर्म शिविर पर इजरायली गोलाबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तुलकरम शिविर पर [एक इजरायली] गोलाबारी में तीन की मौत हो गई, छह घायल हो गए, जिनमें दो गंभीर रूप से घायल हैं।

### पुणे से नेपाल जा रही निजी बस मध्यप्रदेश में पलटी, 18 घायल

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे से नेपाल जा रही एक निजी बस मंगलवार को मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में पलट गई, जिसमें सवार 18 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब बस चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। करणवास थाना प्रभारी रमेश जाट ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे दुपाहिया गांव के पास पुणे से नेपाल जा रही निजी बस पलट गई। जिसमें 18 यात्री घायल हो गए।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए आधुनिक भगीरथ : मुख्यमंत्री




**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 1 वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आज मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वण् अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ी परियोजना केन.बेतवा का आज यहाँ शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्टए ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास हुआ है। इसके लिए मध्यप्रदेश के ष्कर्मठ मुख्यमंत्रीष् डॉण् मोहन यादव की सरकार और यहां की जनता को बहुत.बहुत बधाई और शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में करते हुए कहाए श्वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पे रहबे बारे सबई जनन खों हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम.राम पौंचेश। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा हैए जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। सुशासन हमारी सरकार की पहचान है। हमारे लिए जनहितए जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं। आजादी के दीवानों ने देश के लिए अपना लहू बहाया थाए हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पसीना बहाते हैं। अच्छी योजनाओं के साथ ही उन्हें लागू करना और उनका लाभ 100ः लाभार्थी तक पहुंचाना सुशासन का पैमाना है।

### बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन.बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में बूंद.बूंद पानी के लिए संघर्ष किया हैए परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला। आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहेए परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला।

और उसका कार्य भी शुरू कर दिया गयाए परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। आज अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल शक्ति और जल संसाधन के विकास के लिए लिए बाबा साहेब अंबेडकर के विजन और किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

### मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदला

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल समस्या 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक है। वही देश आगे बढ़ेगा जिसके पास पर्याप्त जल और उसका उचित प्रबंध होगा। गुजरात में सूखा पड़ता था परंतु मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदल गया। मध्यप्रदेश ने सूखाग्रस्त गुजरात को जलयुक्त बनाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मैंने बुंदेलखंड की बहनों और किसानों से जो वादा किया थाए आज मैं 45 हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना के साथ उसे पूरा करने आया हूं। आज यहां दौधन बांध का शिलान्यास हुआ है। इससे जो नहर निकलेगी वो लगभग 11 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करेगी।

# टर्नओवर 50 करोड़ से कम, टैक्स चोरी 500 करोड़ की

**भोपाल।** भोपाल में 18 दिसंबर को तीन बिल्डरों और उनके सहयोगियों के यहां हुई आयकर विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के राजेश शर्मा और छापे के जद में आए बिल्डरों के मामले में सामने आया है कि इनकी कंपनियों का सालाना टर्नओवर 50 करोड़ रुपए से कम है।

लेकिन उन्होंने 500 करोड़ रुपए से अधिक की टैक्स चोरी की है। इधर, रायपुर (छत्तीसगढ़) के कारोबारी महेंद्र गोयनका का इन्वॉल्वमेंट उजागर हुआ है। गोयनका के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारियों के साथ संबंधों का भी खुलासा हुआ है। आयकर विभाग को छापेमारी के दौरान ग्वालियर में पदस्थ एक आईएएस अधिकारी से महेंद्र गोयनका के करीबी रिश्तों के सबूत मिले हैं। विभाग को आशंका है कि भोपाल में जमीन की खरीद-फरोख्त में यह अधिकारी कारोबारी की मदद करता रहा है। इसलिए उसकी भूमिका की जांच की जाएगी।



### छापा कार्रवाई के बाद जब्त दस्तावेजों की पड़ताल

त्रिशूल कंस्ट्रक्शन, ईशान और क्वॉलिटी ग्रुप के खिलाफ छापे की कार्रवाई के बाद आयकर विभाग अब इनके यहां से जब्त दस्तावेजों की पड़ताल कर रहा है। इन दस्तावेजों की पड़ताल के साथ मोबाइल और अन्य लिंक के आधार पर भी टैक्स चोरी से संबंधित नामों की लिंक निकाली जा रही है। विभाग का मानना है कि 50 करोड़ के कुल टर्नओवर वाले इस छापे में 10 गुना टैक्स चोरी सामने आ सकती है। यह बात भी सामने आई है कि 52 ठिकानों पर शुरू हुई छापेमारी अंतिम दौर में 56 ठिकानों तक पहुंच गई थी।

### कंपनी के कर्मचारियों के नाम पर ली करोड़ों की जमीन

आयकर की जांच में पता चला है कि कई लोग ऐसे हैं जिन्हें पता ही नहीं है कि संपत्ति उनके नाम हैं, वे सिर्फ हस्ताक्षर करते थे। इनमें से अधिकतर इन कंस्ट्रक्शन कंपनी, रियल एस्टेट कारोबारियो के यहां कर्मचारी हैं।

### राजेश की टीम, दबाव बनाकर लोगों से जमीन बिकवाती थी

कारोबारी, ब्यूरोकेट्स, फिल्मी दुनिया से जुड़े लोगों को बेनामी संपत्ति दिलवाने व ब्लैक मनी को ठिकाने लगाने के लिए राजेश शर्मा ने टीम बना रखी थी। इसमें रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों के साथ छोटे-बड़े प्रॉपटी डीलर, स्थानीय रसूखदार भी थे। एक टीम तो राजनीतिक, प्रशासनिक दबाव के जरिए लोगों को जमीन बेचने को मजबूर करती थी।

## संपादकीय

### भारत के गले की हड्डी बनी शेख हसीना

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने औपचारिक रूप से शेख हसीना को बांग्लादेश वापस भेजने की मांग भारत सरकार से की है। शेख हसीना पिछले 5 महीने से भारत में हैं। बांग्लादेश में उनकी सरकार के खिलाफ तख्ता पलट हुआ था। उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। भारत सरकार ने सुरक्षित रूप से उन्हें बांग्लादेश से निकालकर भारत में शरण दी थी। शेख हसीना भारत में रहकर वर्तमान सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रही हैं। बांग्लादेश में हसीना के समर्थक आए दिन वहां पर सरकार के लिए चुनौती बन रहे हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। पिछले 5 महीने में भारत सरकार और बांग्लादेश सरकार के बीच में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर लगातार जो हमले हो रहे हैं और मंदिरों को निशाना बना तोड़ा जा रहा है, उसमें मूल कारण शेख हसीना को भारत सरकार द्वारा शरण दिया जाना है। यही नहीं भारत में बैठकर शेख हसीना द्वारा बांग्लादेश में राजनीतिक गतिविधियों को चलाने का विरोध भी बांग्लादेश की जनता कर रही है। इसी कारण वहां की जनता हिंदुओं के खिलाफ खड़ी हो रही है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव बांग्लादेश गए थे, लेकिन वह भी कोई सार्थक परिणाम लेकर वापस नहीं लौटे हैं। बांग्लादेश में अडानी द्वारा महंगी बिजली सप्लाई करने का समझौता किया गया है। इसमें कथित तौर पर शेख हसीना द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अडानी का भुगतान रोक दिया है। उसके बाद से भारत सरकार और बांग्लादेश के बीच में लगातार दूरियां बढ़ती चली जा रही है। भारत सरकार और बांग्लादेश के बीच अपराधियों की अदला-बदली को लेकर पहले से ही समझौता है।

# स्वाद का स्लैब: पॉपकॉर्न की जीएसटी यात्रा

जीएसटी काउंसिल की हालिया बैठक में एक ऐसा ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, जिसने पॉपकॉर्न को साधारण से असाधारण बना दिया। अब ऐसा प्रतीत होता है कि पॉपकॉर्न केवल मक्के के दाने (खाद्य पदार्थ) नहीं रहे, बल्कि आर्थिक विश्लेषण और कर नीति के केंद्र में आ गए हैं। इस निर्णय के अनुसार, नमकीन पॉपकॉर्न पर 5त्न, पैकेड पॉपकॉर्न पर 12%, और शुगर फ्लेवर पॉपकॉर्न पर 18त्न टैक्स लगाया गया है। यह घोषणा सुनकर जनता की आँखों में एक अजीब सी चमक आ गई—न तो दुख और न ही हैरानी से, बल्कि उस गहन विचार प्रक्रिया को समझने के प्रयास में, जो काउंसिल के इन निर्णयों के पीछे छिपी हो सकती है। सवाल यह है कि क्या सरकार हर छोटे से छोटे पहलू को जटिल बनाकर जनता के जीवन को और कठिन बनाना चाहती है? यह फैसला आर्थिक नीतियों की प्राथमिकताओं को उजागर करता है। सरकार हर उस संभावना की तलाश में है, जहाँ से राजस्व अर्जित किया जा सके। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से साधारण वस्तुओं पर असाधारण ध्यान दिया जा रहा है।

इस निर्णय को सुगम कर प्रणाली के नाम पर लागू किया गया है। अब सोचने वाली बात यह है कि यदि यह प्रणाली सुगम है, तो जटिलता का स्तर क्या होगा? क्या भविष्य में समोसे, चाय, और पानी को भी स्वाद और पैकेजिंग के आधार पर अलग-अलग कर श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा? संभव है कि पानी की बोतलें साधारण, सोडा, और सुगंधित टैक्स वर्गों में बांटी जाएं। चाय और कॉफी पर दूध और चीनी की मात्रा के अनुसार कर लागू हो। इस नवीन सरलता को समझाने के लिए शायद सरकार को एक विशेष विभाग की स्थापना करनी



पड़े।

अब सिनेमाघरों में जब पॉपकॉर्न की खुशबू आपकी नाक तक पहुंचेगी, तो स्वाद से पहले कर श्रेणी की चिंता सताने लगेगी। कटोरे को देखकर मन में यह दुविधा उत्पन्न होगी—क्या यह 5% टैक्स वाला है, या 18% वाला? मनोरंजन का दायरा अब केवल फिल्म के कलाकारों की अदाकारी तक सीमित नहीं रहेगा। यह कर श्रेणियों की उलझनों में फँसकर और भी रोमांचक बन जाएगा।

पहले पॉपकॉर्न अमीर और गरीब के बीच सामाजिक समता का प्रतीक माना जाता था, किंतु अब कर संरचना ने इस प्रतीकात्मक समानता को भी समाप्त कर दिया है। गरीब व्यक्ति 5त्न वाले नमकीन पॉपकॉर्न का सेवन कर स्वयं को एक आर्थिक रूप से सचेत नागरिक समझेगा, जबकि अमीर व्यक्ति 18% वाले शुगर फ्लेवर पॉपकॉर्न का गर्व से आनंद उठाएगा, यह सोचते हुए कि उसने देश की जीडीपी में अपना योगदान दिया है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि नमकीन और मीठे पॉपकॉर्न के बीच 13% कर अंतर का आधार क्या है? क्या सरकार ने यह मान लिया है कि चीनी लगते ही कोई वस्तु विलासिता की श्रेणी में आ जाती है? अथवा यह धारणा है कि मीठा खाने वाले अमीर होते हैं और नमकीन खाने वाले गरीब? शायद आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में पॉपकॉर्न के दानों के आकार और रंग के आधार पर भी कर श्रेणियाँ निर्धारित की जाएं। छोटे आकार के दाने 5% टैक्स के दायरे में आएंगे, जबकि बड़े और चमकदार दाने 28% तक के उच्चतम कर स्लैब में शामिल हो सकते हैं।

भारत में पॉपकॉर्न का बाजार 1200 करोड़ रुपये का है। लेकिन इस निर्णय का इस उद्योग पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह विचारणीय है। क्या अब लोग सस्ते खुले पॉपकॉर्न की ओर रुख करेंगे? या फ्लेवर्ड पॉपकॉर्न मध्यम वर्ग के लिए एक सपना बनकर रह जाएगा? सरकार को समझना होगा कि जनता पहले ही महंगाई और बेरोजगारी के दबाव में है। ऐसे में पॉपकॉर्न जैसी साधारण वस्तु को जटिल कर श्रेणियों में बाँटकर उसकी सरलता को खत्म करना अर्थव्यवस्था पर एक विडंबनात्मक प्रहार है। यह न केवल उपभोक्ता हितों की अनदेखी करता है, बल्कि जीएसटी प्रणाली की प्राथमिकताओं पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

क्या यह प्रणाली सचमुच आवश्यक क्षेत्रों पर केंद्रित है, या फिर जनता की जेब से राजस्व निकालने के नए-नए तरीके खोज रही है? अब जब आप पॉपकॉर्न खरीदने जाएं, तो यह सुनिश्चित कर लें कि स्वाद से पहले टैक्स स्लैब पूछना न भूलें। अन्यथा, आपकी साधारण खुशी कहीं आर्थिक बोझ का कारण न बन जाए। याद रखें, पॉपकॉर्न सिर्फ एक स्नैक नहीं, बल्कि इस बात का प्रतीक बन चुका है कि कैसे नीतिगत फैसले हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी को प्रभावित कर सकते हैं। कहीं ऐसा न हो कि हमारी खुशियों के ये छोटे-छोटे पल भी टैक्स फाइलिंग का हिस्सा बन जाएं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी (म.प्र.)**

## लघुकथा/कविता

### बिखरते रिश्ते

**कहानी**

सुबह-सुबह मौसा के वृद्ध पिता जी के निधन का दुखद समाचार मिला। यह सूचना मुझे सीधे तौर पर नहीं मिली थी। किसी अन्य रिश्तेदार को यह सूचना व्हाट्सएप पर दी गई थी और उन्होंने मुझे यह मेसेज फारवर्ड किया था। वे सभी पास के ही शहर में रहते

इस सूचना से मैं विचलित होने लगा था। थे। मैं वहां अक्सर जाया करता था और मौसा के पिताजी के पास बैठा करता था। वे अधिकतर पुरानी बातें ही किया करते थे। मगर उनमें पूरी ताजगी होती थी। मन प्रसन्न हो जाया करता था। वे बूढ़े अवश्य थे, मगर उनका स्वास्थ्य ठीक था। अचानक क्या हो गया, कुछ समझ में नहीं आ रहा था।

मैं वहां फौरन जाने की तैयारी में जुट गया। सोचा, पहले मौसा को फोन कर लूं। मैंने उन्हें फोन लगाया और पिताजी के निधन पर अफसोस जताया। आवाज से वे बड़े सहज से लगे, मानो आम दिनों की तरह बात हो रहे हों। मैंने आगे कहा, मौसा जी, मैं अभी तुरंत घर से निकल रहा हूं। बस एक से डेढ़ घंटे में पहुंच जाऊंगा। मंजिल पर निकलने से पहले मेरी थोड़ी प्रतीक्षा कर लीजिएगा।

उधर से मौसा की बड़ी निर्मोही आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, बेटा, खामख्वाह क्यों परेशान हो रहे हो ? आना कोई जरूरी नहीं है। वे तो बूढ़े-पुराने व्यक्ति थे। उनके जाने का समय तो हो ही चला था। तुम अपने ऑफिस और घर का काम देखो।

और फोन कट गया। सुबह किसी के जीवन की डोर टूटी थी। मगर अभी एक और डोर के टूट जाने की आवाज सुनाई दी, जो कहीं ज्यादा तेज और कड़वी थी। रिश्ते तो ज्यादा सुःख दुःख में ही जुड़ते और निभते हैं। मगर अब क्या हो गया है ? ऐसे मौके पर भी हमें जुड़ने से क्यों रोका गया ? मैं पहले से अधिक शोकाकुल हो गया।

**ज्ञान. मुकेश**
**कुर्जी, विकासनगर**
**पटना -800010**

व्यापार....व्यापार.....व्यापार....व्यापार.....व्यापार....व्यापार.....

# 31 दिसंबर को खुलेगा इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ, 14,835 का करना होगा निवेश

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) 31 दिसंबर को खुलेगा। निवेशक इसके लिए 2 जनवरी तक बिडिंग (बोली) लगा सकते हैं। 7 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। क्रिसमस के चलते आज शेयर



बाजार बंद है।

इस आईपीओ के जरिए कंपनी टोटल 260.15 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 184.90 करोड़ रुपए के 86,00,000 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। वहीं, इंडो फार्म इक्विपमेंट के मौजूदा निवेशक 75.25 करोड़ रुपए के 35,00,000 शेयर बेच रहे हैं। इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने आईपीओ का प्राइस बैंड 204-215 रुपए तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 69 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 215 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय किया जाता है तो इसके लिए 14,835 इन्वेस्ट करने होंगे।

वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 897 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,92,855 इन्वेस्ट करने होंगे।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** सराफा बाजार में गुरुवार को सोने- चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। गुरुवार को सोने के वायदा भाव 76,500 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,650 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में भी सोना-चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 251 रुपये की गिरावट के साथ 76,521 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 368 रुपये की तेजी के साथ 76,638 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 284 रुपये की तेजी के साथ 89,610 रुपये पर खुला। इस समय यह 332 रुपये की तेजी के साथ 89,658 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,638 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

# 9 दिवसीय आवासीय शिक्षण शिविर मोदीजी की नसिया पर आयोजित





**इन्दौर** 9 दिवसीय आवासीय शिक्षणशिविर मोदीजी की नसिया बडा गणपति इन्दौर पर आयोजित किया गया है। आचार्य गुणधर द्वारा रचित श्री कषाय पाहुड ग्रंथ में मोहनीय कर्म के बंध, उदय,सत्व क्षय आदि का गाथा रूप मे वर्णन है। आचार्य नेमीचन्द्र सि)न्त-चक्रवर्ती ने सार रूप में लब्धिसार ग्रन्थ रूप में इसेगूँथा है। सरलता से वर्तमान पद्धति मे जैसे गणित आदि विषय पढ़े जाते है उस रूप में इसका प्रस्तुतिकरण है इस भावना से पुस्तक तैयार की गई है। जिसमें स्लाइड्स, चार्टस, टेबल्स, चि= आदि का प्रयोग करके विषय 'वस्तु' को प्रस्तुत किया गया है। दिन में 3 समय 2-2 घंटे की क्लास होती है। जिसका समय प्रातः 8 से 10, दोपहर 3 से 5 व रात्रि में 7 से 9 बजे तक है। कक्षाये प्रोजेक्टर, स्लाइड्स व बड़ी स्क्रीन के माध्यम से होती है। यह विशेष उल्लेखनीय है कि प्रवचनकार श्री विकास सारिका जी छाबड़ा स्वयं टेक्नाक्रेट है ,व अमेरिका की बड़ी कम्पनी में कार्यरत होकर जॉब छोड़कर यह सेवा का पुण्य कार्य कर रहे है ,वं स्वयं अमेरिका से शिक्षित दीक्षित हैं व स्वयं प्रतिमाधारी है। इस शिक्षण I शिविर में लगभग 170 श्रावक बाहर से आये है। जिसमें 5 ब्रह्मचारी भैया ,वं 9 ब्रह्मचारी बहने भी शामिल है।लगभग 200 स्थानीय श्रावक भाग ले रहे है। शिविर में उच्च शिक्षित वई भी प्रतिभागी है। जिसमें डॉक्टर सी ए इंजीनियर्स ,वं प्रोफेसर तथा वरिष्ठ ब्युरोक्रेट भी शामिल है। शिविर के प्रमुख संयोजक विमल चन्द्र छाबड़ा ,वं उनकी टीम है। जिसमें पूजन पानी, भोजन, रहवास, यातायात, चिकित्सा माईक, टेन्ट वाहन व्यवस्था आदि मेंलगभग 55 लोगों की टीम दिन-रात लगी है।

# कोष्टी समाज महानगर परिचय सम्मेलन की बैठक



कोष्टी समाज महानगर परिचय सम्मेलन की बैठक डी.के.गार्डन पदेशीपुरा इंदौर पर महानगर के अध्यक्ष श्री ताराचंद झांसीबाला श्री कोष्टी समाज बुरहानपुर वाले अध्यक्ष दिलीप हेडवे देवांग कोष्टी समाज के अध्यक्ष कल्याण देवांग एवं झांसीवाली महिला अध्यक्ष श्रीमती गीता परेता बुरहानपुर कोष्टी समाज महिला अध्यक्ष अन्नपूर्णा गोखे पंचायत ट्रस्ट सागर वाले की महिला अध्यक्ष सुनीता बांगर देवांग कोष्टी समाज की महिला अध्यक्ष आशा बाकड़िया एवं युवा अध्यक्ष मनोज बांगर, गगन बाकडिया जी एवं वरिष्ठ रतन लाल माठे मुन्नालाल परेता हरिशंकर बेरछा मनोहर टेमरे नरेन्द्र भूरड मनीष रम्बाड़िया शंकर बांगर प्रकाश नद्यरदे अंकित देवांग अनिल नंदवाल संतोष कौल प्रशांत झाँसीवाला योगेश लिखार पवन कुल्हार गोपाल झांसीवाला दिलीप वर्मा दीपक बांगर अशोक हिडाऊ किशनलाल हेडवे संजय बांगर बबन नरिया दिलीप रिमझा पूनमचंद लिखार राधेश्याम माठे पूनमचंद वर्मन जितेंद्र रिमझा सुरेश भूर्रा कैलाश कानोड़िया ओमप्रकाश कानोड़िया कमलेश देवांग एवं भानुमति रिमझा लता भोरहरी सुशीला देवांग उपस्थित रहे 5 जनवरी को होने वाले परिचय सम्मेलन की तैयारी का पर चर्चा हुई

## क्लैट पीजी 2025 की उत्तर कुंजी और शुल्क मामले में हाई कोर्ट से मिली अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत

**इन्दौर** सुप्रीम कोर्ट के डायरेक्शन के बाद उसके निर्देशानुसार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में उसके निर्देशानुसार क्लेट पीजी 2025 की उत्तर कुंजी और शुल्क संरचना के खिलाफ दायर याचिका में कोर्ट ने सुनवाई करते याचिकाकर्ता अभ्यर्थी को अंतरिम राहत दी है। क्लैट पीजी 2025 परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी और शुल्क संरचना के खिलाफ याचिकाकर्ता ने पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर न्याय मांगा था जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट में याचिका दायर करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद क्लैट पीजी 2025 परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी और शुल्क संरचना के खिलाफ याचिका आयुष अग्रवाल ने अधिवक्ता श्रवणकुमार लाहोटी, अधिवक्ता सुश्रुत जोशी व अधिवक्ता मालव जैन के माध्यम से हाइकोर्ट खंडपीठ इन्दौर में दायर की। याचिका में अंतिम उत्तर कुंजी में पारदर्शिता की कमी, उत्तर कुंजी को चुनौती देने के लिए असामान्य रूप से छोटा समय और प्रारंभिक उत्तर कुंजी पर आपत्ति उठाने के लिए 1,000 रुपए प्रति आपत्ति का भारी शुल्क जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। इसके अतिरिक्त याचिका में परीक्षा में शामिल होने के लिए 4,000 रुपए का अत्यधिक आवेदन शुल्क को भी चुनौती दी गई है। यह उम्मीदवारों पर अनुचित वित्तीय बोझ है। याचिका पर सुनवाई करते कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर अंतरिम आदेश पारित करते हुए निर्देशित किया कि सभी सीटों का आवंटन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

## चार सौ रूपए के लिए महिला की हत्या और दुष्कर्म करने के आरोपी को उम्रकैद, पांच हजार अर्थदंड

**इन्दौर** विशेष अपर सत्र न्यायाधीश अनीता सिंह की कोर्ट ने मात्र चार सौ रुपए वापस नहीं देने पर महिला के साथ दुष्कर्म कर रस्सी से उसका गला घोट हत्या करने वाले आरोपी शिवराज परते निवासी जिला बैतूल को दोषी करार देते उम्र कैद की सजा सुना पांच हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। प्रकरण में अभियोजन पैरवी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी लतिका आर. जमरा ने की। अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि 8 अक्टूबर 2020 को संयोगितागंज थाना क्षेत्र स्थित एम वाय रोड पर एक मेडिकल स्टोर के सामने एक महिला कर शव देखा गया था। घटना सुबह लगभग साढ़े आठ बजे की थी। थाना संयोगितागंज पुलिस टीम ने शव की बरामदगी कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया जिसके बाद पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में चोटों के निशान पाए जाने पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान घटना स्थल पर सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात युवक महिला की हत्या करते हुए देखा गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान शिवराज परते के रूप में हुई। विवेचना में यह तथ्य भी आया कि आरोपी शिवराज ने मृतक महिला को 7 अक्टूबर 2020 को नवलखा बस स्टैंड पर संबंध बनाने हेतु 400 रूपए देकर शाम को महिला को एमवाय अस्पताल के पास बुलाया था। रात में महिला एक दुकान के बाहर सो रही थी। तब आरोपी ने वहां पहुंचकर उससे संबंध बनाने का कहा तो महिला ने मना कर दिया। इस पर आरोपी ने पैसे वापस मांगे। महिला ने पैसे देने से इंकार कर दिया। इस पर आरोपी ने महिला को वहीं पड़े कॉर्टून पैक करने वाली रस्सी से गला घोटकर तथा इंटरलोक टाइल्स से सिर में प्रहार कर उसकी हत्या कर उसका थैला सबूत को मिटाने के लिए छिपा दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार किया था। अनुसन्धान में उसके डीएनए रिपोर्ट से पता चला था कि आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म भी किया था। इस पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई गई थी।

# बंद पड़ी प्लेथिको फार्मा के मजदूर कर्मचारियों की शानदार जीत



**इंदौर!** बंद पड़ी प्लेथिको फार्मा लिमिटेड पोलोग्राउंड इंदौर की दवाई कंपनी के मजदूरों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मिला उनका बकाया वेतन!युनियन की ओर से प्रसिद्ध एडवोकेट धीरज सिंह पंवार ने पैरवी की। मा. विद्ववान न्यायाधीश सुबोध अभ्यंकर ने अपने फैसले में प्रथम अपीलीय अधिकारी (लिक्विडेटर) व्योमेश सेठ को निर्देशित किया है कि श्रमिकों, कर्मचारियों की ग्रेज्युटी, बोनस, बकाया वेतन एवं अन्य देनदारियों का भुगतान शीघ्र करावे। इसी खुशी को जाहिर करने के लिये सैकडों की संख्या में आज श्रमिकगण (इंटक) के मुख्यालय श्रम शिविर इंदौर आये वरिष्ठ मजदूर नेता एवं म.प्र. इंटक के अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव के मार्गदर्शन में युनियन द्वारा श्रमिको के हक अधिकारों को दिलाने की हाईकोर्ट इंदौर में कार्यवाही की गई थी! इसी खुशी के इस अवसर पर श्याम सुंदरयादव का स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्री यादव, दिलीप चौहान, जगदीश राजकमल, राकेशचंद त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी उर्फ गुड्डू भैया एवं अन्य युनियन पदाधिकारियों ने विघ्नहर्ता श्री गणेशजी के चित्र पर तथा पूज्य महात्मागांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण पाठक भी उपस्थित थे । मजदूर संघ के महामंत्री हरनाम सिंह धालीवाल ने भी प्रकरण में सहयोग किया था । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद अवस्थी, सोहन सिंह चौहान, मुकेश नागर, जयपालसिंह चौहान, किरण प्रकाश वर्मा, मंगला वायकुले, विद्या वर्मा, सुनीता गवरकर, मीना राजौले आदि उपस्थित थे। श्यामसुंदर यादव ने इस अवसर पर एकत्रित होकर लडाई लडने का गांधीवादी तरीका सत्याग्रह, भूख हडताल, संवाद करना, प्रदर्शन कर मजदूरों कर्मचारियों के अधिकारो के लिये संघर्ष करते रहना। अंहिसंक आंदोलन ही सार्थक होते है। इस अवसर पर श्यामसुंदर यादव ने उपस्थित प्लेथिको के सभी भाई बहनों को नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।

# अटल जी की जयंती मनाई



**इंदौर ।** अटल बिहारी वाजपेई विचार मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अटल जी का सौ वां जन्मदिन मनाया गया। जानकारी देते हुए अटल बिहारी वाजपेई विचार मंच के अध्यक्ष एवम् कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट संतोष यादव ने बताया कि अटल जी की जयंती मनाई गई

जिसमे भाजपा नेता कृष्ण मुरारी मोघे, टीनू जैन , चांदू नेता पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व राज्य मंत्री योगेन्द्र महंत , हरिनारायण यादव और भी कई वरिष्ठ जनों की उपस्थिति दर्ज रही।वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

## जिला न्यायपालिका में 25 से 31 दिसंबर तक शीतकालीन-अवकाश

**इन्दौर** अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश की जिला न्यायपालिका (जिला व सत्र न्यायालयों) में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा।इस दौरान दीवानी न्यायालयों में कामकाज नहीं होगा। लेकिन फौजदारी व अन्य न्यायालयों में काम-काज जारी रहेगा। फौजदारी व अन्य न्यायालयों में काम-काज होगा।

## काटुन डोना



# इंदौर व उज्जैन में बना 10 हजार हेक्टेयर का लैंड बैंक

## इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए तैयारी

इंदौर। अगले साल फरवरी में भोपाल में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने निवेशकों को जमीन दिखाने की तैयारी कर ली है। इसके लिए इंदौर-उज्जैन रीजन में लैंड बैंक का डेटा बेस तैयार हो चुका है। इसके तहत इंदौर व उज्जैन में बना 10 हजार हेक्टेयर का लैंड बैंक बनाया गया है। इसके अलावा धार में भी जमीन आरक्षित की गई हैं।

झाबुआ सहित अन्य जिलों में भी लैंड पॉकेट तय किए गए हैं। पीथमपुर सेक्टर 7, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, धार में पीएम मित्रा पार्क के अलावा कई नए एरिया भी विकसित किए जा रहे है।

इसी तरह उज्जैन संभाग में उज्जैन के साथ ही रतलाम, मंदसौर और शाजापुर में भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए डेवलप और अनडेवल्पड जमीनें तैयार हैं। उज्जैन में आईटी पार्क, रेडिमेड गारमेंट के अलावा विक्रम उद्योगपुरी का विस्तार और देवास-मक्सी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए 7819 हेक्टेयर जमीन अलग से चिह्नित की गई है। एमपीआईडीसी के मुताबिक इंदौर में 6 से ज्यादा तो उज्जैन रीजन में 10 से ज्यादा नए इंडस्ट्रियल एरिया पर काम जारी है।

किस जिले में जमीनें कहां- इंदौर - 303.599, धार - 2861.16, झाबुआ - 387.01, बड़वानी - 21.64, खरगौन - 13.065, बुरहानपुर - 26.97, उज्जैन में 207.73 हेक्टेयर (473.298 हे. का अधिग्रहण होना है) नरवल स्थित विक्रम उद्योगपुरी और मेडिकल डिवाइस पार्क में 107 हेक्टेयर बची है, देवास में 231.81 हेक्टेयर (नेमावर, सिरसोदा में 22 हेक्टेयर), नीमच में 202.78 हे., आगर-मालवा में 86.57 हे., मंदसौर - 1642.93 अभी, 594.93 हे. प्रस्तावित, रतलाम में 1466 हे., शाजापुर में 533.77, मक्सी में 82.68 हे.,देवास-मक्सी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर - 7819.55 हेक्टेयर।

### अनुभव खराब, जमीन दी, सुविधाएं नहीं

साल 2006 से मप्र में समिट हो रही है, पर निवेशकों को सुविधाएं पूरी नहीं मिल रहीं। सुपर कॉरिडोर पर टीसीएस, इन्फोसिस को जमीनें दी गई पर यहां ट्रांसपोर्ट और सुरक्षा अभी भी पर्याप्त नहीं है। सांवेर रोड, पालदा, राऊ-रंगवासा में सडकें खराब हैं। ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और ईटीपी की समस्याएं हैं। दिन में 10 से 15 बार बिजली गुल होती है।

साल 2006 से मप्र में समिट हो रही है, पर निवेशकों को सुविधाएं पूरी नहीं मिल रहीं। सुपर कॉरिडोर पर टीसीएस, इन्फोसिस को जमीनें दी गई पर यहां ट्रांसपोर्ट और सुरक्षा अभी भी पर्याप्त नहीं है। सांवेर रोड, पालदा, राऊ-रंगवासा में सडकें खराब हैं। ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और ईटीपी की समस्याएं हैं। दिन में 10 से 15 बार बिजली गुल होती है।

## रक्तवीर ड़ॉ अभिजीत तायड़े को सम्मानित किया गया !



इंदौर। 130 से भी अधिक बार रक्तदान करने एवं नशामुक्ति अभियान में सक्रियता पर इंडेक्स एवं अमलतास मेडिकल कॉलेज में डायरेक्टर रक्तवीर डॉ. अभिजीत तायड़े को इंदौर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में अटल फाउंडेशन द्वारा फाउंडेशन की अध्यक्षा एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी श्रीमती माला वाजपेयी तिवारी एवं पूर्व न्यायाधीश श्री सुशील कुमार गुप्ता व अन्य द्वारा सम्मानित किया गया !

इस अवसर पर श्री अभिषेक तिवारी , डॉ सी एल यादव, डॉ योगेंद्र भदौरिया, एवं शहर के कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। विज्ञानं नगर, इंदौर निवासी डॉ. अभिजीत तायड़े हर जरुरतमंद को रक्तदान करते है ।ओ-पॉजिटिव रक्त समूह वाले डॉ. अभिजीत तायड़े हर समय रक्तदान के लिए तैयार रहते है।

# गोंड आर्ट वर्कशॉप के समापन पर लगाई गई प्रदर्शनी और की गई लाइव पेंटिंग

इंदौर। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता ने हमेशा लोगों का ध्यान आकर्षित किया है इस लिहाजा पांच दिवसीय गोंड चित्रकला वर्कशॉप का आयोजन आर्ट वे गैलरी और क्रिएट स्टोरीज एनजीओ के बैनरतले अभिनव कला समाज में आयोजित की गई थी जिसका समापन बनाए हुए चित्रों की प्रदर्शनी लगाई और सभी ने मिलकर बनाई एक लाइव पेंटिंग के माध्यम से लोककला एवं कलाकार को बढ़ावा देने का संदेश दिया ।



वर्कशॉप अनूपपुर के ट्राइबल आर्टिस्ट बालेंद्र उद्दे और आर्टिस्ट अलका झा ने ली थी उन्होंने बताया गोंड कला की विशेषता पौराणिक और लोककथाओं से जुड़ी रूपांकनों, पुष्प और जीव-जंतुओं से जुड़ी रूपांकनों और प्रत्येक रूपांकन को सूक्ष्मता से भरने वाले पैटर्नयुक्त डिजाइनों से है। संयोजक दीपक शर्मा ने बताया की इस वर्कशॉप के समापन पर कलाकारों ने मिलकर लाइव पेंटिंग की , एक्सपर्ट ने गोंड समुदाय की संस्कृति और रहन-सहन, त्योहार आदि के बारे में उनके चित्रों के बारे में बताते हुए जानकारी दी । लाइव बनाई कृति में पेड़, पहाड़, गाय, हिरण, शेर, कुआं, जंगल, ग्रामीण मकान, बालक-बालिका, चिड़िया इत्यादि देखने को मिली ।

रंगों से सुंदर पेंटिंग के अंदर हिरण के सिंग को इस तरह से कैनवास पर उकेरा जैसे कि माना हिरण के सिंग नहीं बल्कि पेड़ हो। पेड़ की तरह ही दिख रहे है जिस पर पक्षी बैठे है। इसको सुंदर तरीके से दिखाने के लिए हिरण के पैरों को भी कई रंगों में दिखाया है। इस पेंटिंग में सुंदरता, प्रेम भाव और प्रकृति के बारे में दिखाया गया है। इस वर्कशॉप में वर्षा मालवीय, श्वेता पोरवाल, ज्योति उपाध्याय, कमलेश गुप्ता, सुषमा गुप्ता, अवधेश कुमार, पूजा देवी, विनया आचार्य, राजेश्वरी जोशी, सुरेखा निंबालकर, आयुषी परमार, नीतू केलकर, नेहा अग्रवाल, सौम्य सिंह बघेल, अनीषा अग्रवाल, आकांक्षा थीटे ने भाग लिया ।

## बेटमा में सुशीला देवी पंचोली का देवलोकगमन



बेटमा (इंदौर समाचार)। नगर के वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र पंचोली, कमल पंचोली, श्याम पंचोली, पिंटू पंचोली, बलराम पंचोली, और हरिओम पंचोली की दादीजी सुशीला देवी पंचोली का देवलोकगमन (वैकुंठवास) हो गया है। वे एक सादगी पसंद, धार्मिक और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी महिला थीं। उनके निधन से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। सुशीला देवी पंचोली स्वर्गीय पंडित नंदकिशोर पंचोली और राजेंद्र पंचोली की माता थीं।

उनकी सरलता, धार्मिकता और सदैव मिलनसार स्वभाव के कारण वे समाज में बेहद सम्मानित थीं। उनके व्यक्तित्व की छवि हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगी। बेटमा मुक्तिधाम में आयोजित अंतिम संस्कार में नगर के गणमान्यजन, समाजसेवी और नागरिक उपस्थित हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंतिम संस्कार में उपस्थित सभी लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रीमती सुशीला देवी पंचोली के निधन से पंचोली परिवार के साथ-साथ पूरे नगर ने एक आदर्श और प्रेरणादायक महिला को खो दिया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी ने प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में सांत्वना दी। नगर के सभी प्रमुख नागरिकों और गणमान्य जनों ने सुशीला देवी पंचोली के देवलोकगमन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सेंट उमर स्कूल, इंदौर में वार्षिकोत्सव सम्पन्न



इंदौर। सेंट उमर हायर सेकेंडरी स्कूल, पलासिया, इंदौर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, श्री दंडोतिया ने साइबर फ्रॉड और नशे के विरुद्ध जागरूकता पर जोर दिया और विद्यालय के मेरिटोरियस छात्रों को सम्मानित किया।

इस्लामिया करीमिया सोसाइटी के कोषाध्यक्ष श्री अलानूर ने वर्तमान डिजिटल युग में अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों के बीच सतत संपर्क और सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए रोल मॉडल की महत्ता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष श्री इरफान मुलतानी, उपाध्यक्ष श्री शफीक अहमद, कोषाध्यक्ष श्री अलानूर, प्रबंधन के सदस्य श्री साबिर शाह, श्री नासिर साहब, श्री उसमान पटेल और प्रिंसिपल संदेश गुप्ता भी उपस्थित थे।

# इंदौर से दरभंगा, रांची और भागलपुर ट्रेन शुरू करने हेतु प्रवासी समुदाय ने उठाई बड़ी मांग

इंदौर। इंदौर और मालवा क्षेत्र में बसे बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों प्रवासियों की लंबित मांगों का संज्ञान लेते हुए एक बार फिर शहर में पूर्वांचल के लोगों की सबसे बड़ी संस्था पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्य प्रदेश द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजकर इंदौर से दरभंगा और रांची के लिए सीधी ट्रेनों की शुरुआत, इंदौर-पटना ट्रेन के दैनिक परिचालन तथा इंदौर-गुवाहाटी ट्रेन को भागलपुर के रास्ते से संचालित करने की मांग की है।

संस्थान के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह तथा महासचिव के. के. झा ने इस ज्ञापन में प्रवासी समुदाय की वर्षों पुरानी समस्याओं को उजागर करते हुए कहा कि इंदौर और मालवा क्षेत्र में बसे प्रवासियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए पर्याप्त रेल सेवाओं का अभाव झेलना पड़ रहा है, जिससे त्योहारों और अन्य विशेष अवसरों पर उनके सामने भारी कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं।

### रांची के लिए सीधी ट्रेनः झारखंड के प्रवासियों की मांग

रांची को झारखंड का प्रशासनिक, औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र बताते हुए, इंदौर से रांची के लिए सीधी ट्रेन सेवा की मांग की गई है। यह ट्रेन झारखंड के प्रवासियों, व्यवसायियों, छात्रों और श्रमिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

### इंदौर-पटना ट्रेन को दैनिक चलने की मांग

संस्थान ने इंदौर-पटना ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन के बजाय दैनिक करने का अनुरोध किया है। मौजूदा व्यवस्था में भारी प्रतीक्षा सूची यात्रियों के लिए असुविधाजनक है। ट्रेन की नियमितता से यात्रियों को राहत मिलने के साथ-साथ रेलवे को भी राजस्व में बढ़ोतरी का लाभ होगा।

### भागलपुर के रास्ते इंदौर-गुवाहाटी ट्रेन चलाने का आग्रह

ज्ञापन में संस्थान ने इंदौर-गुवाहाटी ट्रेन का मार्ग में आंशिक परिवर्तन करते हुए इस ट्रेन को भागलपुर के रास्ते चलाने की मांग राखी है। ज्ञापन में कहा गया है कि भागलपुर पूर्वी बिहार का एक प्रमुख व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र है। इस मार्ग परिवर्तन से भागलपुर, मुंगेर और आसपास के जिलों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी।






# मनुष्य की निष्ठा और भक्ति अडिग हो तो कोई भी बाधा उसे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं कर सकती

## श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा* कथा के तीसरे दिवस श्रद्धेय विष्णु शर्मा ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म का मार्गदर्शन प्रदान किया

**मंदसौर।**

ध्रुव और प्रह्लाद जैसे पौराणिक चरित्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि यदि मनुष्य की निष्ठा और भक्ति अडिग हो, तो कोई भी बाधा उसे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं कर सकती।

दोनों ने अपनी भक्ति से यह सिद्ध किया कि सच्ची श्रद्धा और समर्पण में इतनी शक्ति होती है कि स्वयं ईश्वर भी सहायता के लिए अवतरित हो जाते हैं। मंदसौर में लाल घाटी रोड स्थित अमर शांति रिसोर्ट में आयोजित *श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा* कथा का तीसरा दिवस अत्यंत भावमय और प्रेरणादायक रहा। श्रद्धेय विष्णु शर्मा ने व्यास पीठ से उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन, भक्ति और अध्यात्म का मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी ओजस्वी वाणी ने श्रोताओं को आत्मीयता और गहराई से छुआ।

श्रद्धेय विष्णु जी शर्मा ने जीवन के सरल लेकिन प्रभावी संदेशों को साझा करते हुए कहा कि मनुष्य को देने की आदत विकसित करनी चाहिए और फ्री में कुछ नहीं लेना चाहिए। उन्होंने गुरु-शिष्य संबंधों पर जोर देते हुए बताया कि सच्चे शिष्य को अपने गुरु के समक्ष हमेशा विनम्र होकर समर्पित रहना चाहिए। शिष्य को गुरु से जीवन के गूढ़ प्रश्न पूछने चाहिए और उनकी शिक्षा को आत्मसात करना चाहिए।

स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख करते हुए श्रद्धेय विष्णु जी शर्मा ने उनके ओजस्वी व्यक्तित्व और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में स्वामी जी द्वारा दिए गए उस ऐतिहासिक भाषण को याद किया, जिसकी शुरुआत अमेरिका के भाइयों और बहनों शब्दों से हुई थी।

यह उद्घोषणा न केवल सभागार में उपस्थित लोगों के हृदय को छू गई, बल्कि पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति, सहिष्णुता और सार्वभौमिक भाईचारे के संदेश से परिचित कराया। अपने भाषण में स्वामी विवेकानंद ने कहा,

मैं उस धर्म का अनुयायी हूं, जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया। हम केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, बल्कि हम सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। श्रद्धेय विष्णु जी शर्मा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और शब्दों से पश्चिमी दुनिया को भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की महानता से परिचित कराया। उनका यह भाषण भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक बना। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर भक्तों ने श्रद्धा के साथ प्रवचन का श्रवण किया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। कथा का यह आयोजन श्रद्धालुओं को न केवल आध्यात्मिक रूप से प्रेरित कर रहा है, बल्कि उनके जीवन में नए दृष्टिकोण भी ला रहा है। इस कथा आयोजन में उपस्थित जनसमूह को भक्ति, समर्पण और जीवन मूल्यों की दिशा में चिंतन करने के लिए प्रेरित किया।

### अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट में

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने 1-0 से और रतलाम ने 2-0 से जीते



**मन्दसौर।** कश ट्रॉफी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन 2 मुकाबले खेले गए जिसमें पहला मुकाबला भारती फुटबॉल क्लब, जबलपुर और बैंक ऑफ बड़ौदा, मुंबई के बीच खेला गया। पहले हॉफ में दोनों ही टीमों ने बड़ा सधा हुआ खेल दिखाया और बारी बारी से एक दूरी पर बढ़त बनाने का मौका बनाते रहे। ऐसा लग रहा था मानो दोनों ही टीम दूसरे हाफ के लिए अपना दम बचा रही है। दोनो ही टीमों के कोच भी खेल को तेज करने का बोलते हुए नहीं दिखाई दिए। लेकिन बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने खेल में जबलपुर को उलझा कर मौका मिलते ही गोल मारकर पहले हाफ में 1-0 से बढ़त बना ली। दूसरा हॉफ शुरू होते ही बैंक ऑफ बड़ौदा और जबलपुर की टीमें एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास करने लगी, लेकिन बैंक ऑफ बड़ौदा के मजबूत डिफेंस को जबलपुर नहीं पार पा सकी और मैच 1-0 से हार गई। अतिथियों द्वारा मैन ऑफ ऑफ द मैच की ट्रॉफी बैंक ऑफ बड़ौदा के डेंजिल को दी गई। दिन का दूसरा मैच मंदसौर डी एफ ए और मन फाइटर क्लब, रतलाम के बीच खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में मंदसौर 2-0 से हराकर बाहर हो गई। मैन ऑफ द मैच रतलाम से अमान खान रहे। आज के दिन के मुख्य अतिथि मंदसौर के एडिशनल एस पी श्री गौतम सोलंकी , जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा , शासकीय अभिभाषक श्री भगवान सिंह चौहान , पूर्व क्रिकेटर श्री बंटू मोड, क्लब संरक्षक श्री नवनीत गर्ग, श्री घनश्याम भटवाल, आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## एडिफाय शिशुवन स्कूल के छात्र ने बास्केटबॉल नेशनल प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर बढाया प्रदेश एवं स्कूल का गौरव



**मंदसौर।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एडिफाय शिशुवन विद्यालय के छात्र का राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने पर स्कूल परिवार द्वारा भव्य स्वागत किा गया। एडिफाय शिशुवन विद्यालय के कक्षा 9वी के छात्र युवराज सिंह भदौरिया ने 49वी राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो कि 16 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित हुई भाग लेकर कॉंस्य पदक प्राप्त कर वापस आने पर विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री डॉ आदित्य पांडेय, समन्वयक अर्जुन सिंह राठौड़, रोहित सतिदासनी और सभी खेल शिक्षकगण और समस्त विद्यालय परिवार ने अपनी शुभकामनाये प्रेषित की एवं छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्र के माता पिता का भी छात्र की इस उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मान किया गया।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती मनाई



**भानपुरा ।**भाजपा मंडल भैसोदा अध्यक्ष उमेश पाटीदार की अगुवाई में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्म जयंती नये उत्साह व जोश के साथ मनाई गई। गरिमामय समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्प माला व पुष्प अर्पित किए गए एवं केसोदा फाटक से 1 किलोमीटर पैदल यात्रा निकाल कर नगर वासियों को जागृत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश पाटीदार सहित पूर्व अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर, कार्यक्रम मंडल प्रभारी श्याम गुर्जर ने श्री अटल जी के जीवन पर वृहद प्रकाश डाला। कार्यक्रम में - पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव, महामंत्री प्रहलाद सिंह हाड़ा, वरिष्ठ नेता व पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नाथुलाल पाटीदार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामसिंह चौहान, नगर परिषद् भैसोदा अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पौराणिक, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, बनेसिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, सिदेश्वर आचार्य, सत्यनारायण सोनी, शिवजी खंडेलवाल, भाजयुमो मंडल महामंत्री अरविन्द भील ठाकुर, कैसोदा सरपंच चैन सिंह देवड़ा, केसौदा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बापू लाल गुर्जर एवं अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मनाई प.अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती



**मन्दसौर।** भारतीय जनता पार्टी मंदसौर जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया एवं सुशासन दिवस के कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में जिले के सभी 21 मण्डलों में मनाई गई। जिले के समस्त पदाधिकारीगण एंव जनप्रतिनिधि विभिन्न मंडलो में पंहुचे। सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर विधानसभा के मंदसौर उत्तर मंडल में मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, विधायक हरदीपसिंह डंग सुवासरा विधानसभा के शामगढ़ मंडल में मंडल अध्यक्ष श्रीमति नीलकमल मेहता, विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने गरोठ विधानसभा के मेलखेडा मंडल में मंडल अध्यक्ष महेन्द्र पहाडिया एंव पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने मंदसौर विधानसभा के मगरामाताजी मंडल में मंडल अध्यक्ष गोपाल पाटीदार के साथ आयोजित कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पंडित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर सहभागीता की। अतिथिगणों ने पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागणो ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की कालातंर में अटल जी ने राष्ट्रीय अर्न्तराष्ट्रीय परिदृश्य पर भारतीय विचारो को प्रतिपादित करने में अपने जीवन का अमुल्य योगदान दिया। हिन्दु तन-मन, हिन्दु जीवन इस पंक्ति को चरितार्थ किया प.अटल बिहारी वाजपेयी जी ने। हम सब कार्यकर्ता आज 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाते है। एक समय जब तमाम विपक्षीय दल यह कहते थे कि दिये में तेल नहीं और सरकार बनाना खेल नहीं इस नारे को पं.अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक सुशासन देने वाली सरकार बना कर तमाम विपक्षीय दलों को भाजपा की ताकत का एहसास करवाया। आज हम सभी कार्यकर्ता श्री अटल जी के जीवन से प्रेरणा ले और अपने जीवन में आत्मसात करे। श्रृद्धेय पं.अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंदसौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री ग्राम संड़क पर कार्यकर्ताओं ने रेली निकाली और अटल जी को इस ऐतिहासिक सौगात के लिये आभार व्यक्त किया और श्रृद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रत्येक मंडल में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

देवास प्रेस क्लब के पदाधिकारियो ने रतलाम प्रेस क्लब भवन का किया भ्रमण

# रतलाम के पत्रकारो ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को किया सम्मानित

**रतलाम।**

देवास प्रेस क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को रतलाम प्रेस क्लब का भ्रमण किया। इस दौरान यहां के पदाधिकारियों ने रतलाम प्रेस क्लब की गतिविधियों एंव कार्यप्रणाली के बारे में समझा। रतलाम प्रेस क्लब भवन पर हाल ही में निर्वाचित देवास प्रेस क्लब के पदाधिकारी अध्यक्ष ललित शर्मा ,सचिव शेखर कौशल, उपाध्यक्ष खुमानसिंह बैस एवं अजय जायसवाल का स्वागत किया गया।




रतलाम प्रेस क्लब के सचिव यश ( बंटी )शर्मा ने प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में देवास प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों के साथ मां सरस्वती की पूजन के साथ आयोजन की शुरूआत हुई। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी ने कहा ये प्रदेश के एक दूसरे प्रेस क्लब के जानने की ये अच्छी शुरूआत है।इससे प्रदेश में पत्रकारों को किसी भी परेशानी होने पर समन्वय करने में भी आसानी होगी।

संस्था के सदस्यता अभियान, गतिविधियों, निर्वाचन प्रक्रिया,उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरूस्कार , पत्रकार कल्याण कोष के स्वरूप का विस्तार से अवगत कराया।

## रतलाम प्रेस क्लब को किया देवास आंमत्रित

पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन ने जमींन आवंटन से लेकर भवन निर्माण के दौरान की प्रक्रिया के बारे में बताया। इस दौरान उन्हाने देवास के पुराने पत्रकारों के संस्मरण सुनाते हुए उनके द्वारा दिए योगदान को भी याद किया। देवास प्रेस क्लब के सचिव शेखर कौशल ने वहां की गतिविधियों के साथ ही चुनाव प्रक्रिया से अवगत कराया। देवास प्रेस क्लब के अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा रतलाम प्रेस क्लब की गतिविधियों से अवगत जानने की लालसा पहले से थी। रतलाम प्रेस क्लब के अध्यक्ष का आमंत्रण मिला था। इसलिए जैसे ही समय मिला हम लोग यहां आ गए है। श्री शर्मा ने देवास प्रेस क्लब द्वारा किए गए सामाजिक सरोकार के कार्यों से अवगत कराया। उन्होने रतलाम प्रेस क्लब के सभी साथियों को देवास जिले के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार नीरज शुक्ला ने किया और आभार उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय ने व्यक्त किया।

## ये रहे उपस्थित

इस दौरान आयोजन के सहप्रभारी किशोर जोशी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र केलवा, सहसचिव मुबारिक शैरानी, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश दवे , हैंमत भट्ट, चन्द्रशेखर सोलंकी, केके शर्मा, प्रदीप नागौरा वरिष्ठ पत्रकार गोविंद उपाध्याय, आरिफ कुरैशी ,तुषार कोठारी, सौरभ कोठारी, नरेन्द्र जोशी, सुधीर जैन, अदिति मिश्रा, दिग्विजयसिंह सेंगर, रवि सिसोदिया आदि उपस्थित थे।

# महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**रतलाम।**

नगर को पूर्णतः स्वच्छ बनाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल नगर के किसी भी क्षेत्र मे जाकर आकस्मिक निरीक्षण कर रहे है जिसके तहत 24 दिसम्बर मंगलवार को पावर हाउस रोड, लाडली लक्ष्मी पथ, फव्वारा चौक, महू रोड बस स्टैण्ड, धानमंडी, चांदनी चौक, त्रिपोलिया गेट आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को चुस्त बनाने के निर्देष संबंधितों को दिये।



महापौर प्रहलाद पटेल ने उक्त स्थलों के निरीक्षण के दौरान नागरिकों एवं दुकानदारों से कहा कि रतलाम नगर को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है इस हेतु आप अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें किसी भी स्थिति में कचरा खुले नहीं डालें तथा कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डालें व इस हेतु अन्य को भी इस हेतु प्रेरित करें।

निरीक्षण के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि आपकी दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को वाहन पार्किंग लाईन में खड़ा करवाना सुनिश्चित् करें ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो सकें।

अमानक पॉलीथीन उपयोग एवं विक्रय की कार्यवाही के तहत श्री बालाजी डिस्पोजल, श्रीजी डिस्पोजल, स्वागत पत्तल दोना, महादेव डिस्पोजल, नवनीत प्लास्टिक, रतलाम किराना व मदनलाल पर प्रतिबंधित पॉलीथीन विक्रय करने पर 1000-1000 रूपये का जुर्माना व 25 किलो पॉलीथीन जब्त कर प्रतिबंधित पॉलीथीन तथा डिस्पोजल विक्रय ना करने की दुकानदारों को समझाईश दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के अलावा राजेन्द्रसिंह पवांर, झोन प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## युवा खूब मेहनत करें, आगे बढ़े : कलेक्टर श्री बाथम

**रतलाम।** खेल एवं कल्याण विभाग के अंतर्गत रतलाम के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में एक दिवसीय युवा उत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान युवाओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें कविता, पेंटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी, समूह लोक, नृत्य समूह, लोक गायन, कहानी, लेखन सम्मिलित है। युवा उत्सव में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लाला बाई शम्भूलाल चंद्रवंशी, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय द्वारा प्रदर्शनी में लगाए विभागीय स्टाल का अवलोकन किया गया गए। आई टी आई प्राचार्य यु.पी. अहिरवार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर राजेश बाथम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करें, खूब मेहनत करें, आगे बढ़े। अपना अपने परिवार का अपने शहर अपने देश प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी तथा नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी तथा जिला जल सलाहकार आनंद व्यास भी उपस्थित थे। युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायकगण नियुक्त किए गए। मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए वरिष्ठ फोटोग्राफर श्री हेमेंद्र उपाध्याय निर्णायक नियुक्त हुए, उनके साथ अन्य निर्णायकों में प्रोफेसर शिवसागर मौर्य, कर्मवीर सिंह भी सम्मिलित थे।

## 72 वर्ष के श्रमिक आंदोलन के नेता श्री शर्मा का अभिनंदन स्वागत किया



**रतलाम।** शहर और रेलवे के श्रमिक आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा 72 वर्षो से लगातार श्रमिको के बीच उनकी समस्याओं से संघर्षरत 89 वर्षीय कामरेड गोविंदलाल शर्मा का शहर के प्रमुख जनों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकार एवं सेवानिवृत्ति रेल कर्मियों ने आवास पर पहुंचकर सन 1952 से लगातार श्रमिक आंदोलन श्रमिकों की समस्याओं को लेकर लडने वालेश्री शर्मा का उनकी सेवाओं के लिए पूष्पहार से अभिनंदन कर शाल, श्रीफल एवं मफलर, केप भेंट की। इस अवसर पर कविं दिलीप जोशी,मोडींराम सोलंकी, लक्ष्मण पाठक,सत्यनारायण पापटवाल द्वारा काव्य प्रस्तुति दी गई तथा श्री शर्मा के दीर्घायु जीवन की कामना की।कार्यक्रम को मनोहर पचोरी, प्रकाश व्यास ने भी संबोधित किया।कामरेड गोविंदलाल शर्मा ने राष्ट्रीय पेंशन डे 17 दिसंबर भव्य रूप से आयोजित करने पर प्रकाश चंद्र व्यास का पुष्प हार से अभिनंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र व्यास, मनोहर पचोरी, प्रदीप ओझा, अरुण वाडकर,यू एल जायसवाल, सुधीरकान्त दूबे,संजय चौहान, गिरीश चंद शर्मा,लक्ष्मण पाठक, दिलीप जोशी, मौडींराम सोलंकी एकांत सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# सुशासन के प्रणेता थे अटल जी : जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय

**रतलाम।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी ने इस मौके पर अलकापुरी स्थित भारत माता चौराहा पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी आयोजित की।




इससे पूर्व सिलावटों का वास स्थित अन्न क्षेत्र में पुष्पांजलि एवं फल वितरण का कार्यक्रम हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि अटल जी का 100वां जन्मदिवस मना रहा है। वे विश्व के लोकप्रिय नेता रहे और उन्होंने सबको साथ लेकर 24 दलों की सरकार चलाई। उनका सरकार चलाना पूरे सुशासन का प्रतीक था। उनका यह जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए वर्षभर जयंती के कार्यक्रम आयोजित होंगे। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि भारतीय राजनीति में अटल जी जैसा युग पुरुष ना पहले कभी हुआ है, ना कभी होगा। उन्होंने सबको साथ लेकर सरकार चलाई और अपने उसूलों से कभी समझौता भी नहीं किया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर देश की वर्तमान मोदी सरकार विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रही है। निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रदर्शनी के अवलोकन से पूर्व महापौर श्री पटेल ने अटलजी की कविता का पाठ किया। आरंभ में अटलजी के चित्र एवं भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् फीता काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, मनोहर पोरवाल, मयूर पुरोहित, विनोद यादव, निलेश गांधी, बलवंत भाटी, मनोज शर्मा, पवन सोमानी, अनुज शर्मा, करन वशिष्ठ, आशा मौर्य, निमिष व्यास, शैलेन्द्र डागा, निशा सोमानी, भावना गुर्जर, अनिता कटारा, भगतसिंह भदौरिया, देवश्री पुरोहित, विप्लव जैन, प्रवीण सोनी, निलेश बाफना आदि उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा ने किया। आभार मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने माना।

जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि दीनदयाल मंडल द्वारा अटल जी के जन्मदिवस पर अन्न क्षेत्र में पुष्पांजलि दी गई। बाद में फलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, अशोक चौटाला, निलेश बाफना, नंदकिशोर पंवार, राजेन्द्र चौहान, रामकुमार जोशी, सुरेन्द्र सिंह भाटी, नितिन तिवारी, कमल सिलावट, सुशील कुमावत और सीमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस पर श्री सुखमनी साहेबजी का पाठ होगा

भाजपा द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर न्यू रोड़ स्थित श्री गुरू सिंध सभा, गुरूद्वारा पर श्री सुखमनी साहेबजी का पाठ आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया।

## बॉक्सिंग डे पर मुकाबला करने के लिए तैयार टीम इंडिया

# रोहित की बल्लेबाजी चिंता का विषय





**मेलबर्न (एजेंसी)।** दिव्य हस्तक्षेप और हिलती पूंछ ने ब्रिसबेन में भारत के गिरते मनोबल को भले ही ऊपर उठा दिया हो, लेकिन खराब फॉर्म में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की स्थिति गुरुवार से यहां शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉकआउट पंच मारने के लिए तैयार है। भारतीय कप्तान क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सबसे आखिर में नेट्स पर उतरे और अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह टीम के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल की जगह शीर्ष क्रम में आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो राहुल तीसरे नंबर पर आएंगे, जबकि शुभमन गिल मध्य क्रम में खेल सकते हैं या प्लेइंग इलेवन में ध्रुव जुरेल के लिए जगह बना सकते हैं। भारतीय कप्तान ने 2019 में ओपनिंग स्लॉट में पदोन्नत होने के बाद मध्य क्रम में बल्लेबाजी करना बंद कर दिया। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनकी बल्लेबाजी स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वे कुछ हद तक चिढ़ गए। कप्तान ने बस अपना संयम बनाए रखते हुए कहा, हमें इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। मुझे लगता है कि कौन कहां बल्लेबाजी करेगा, हमें इस पर अपने भीतर चर्चा करनी चाहिए और मुझे हर प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सवाल का जवाब नहीं देना चाहिए।

दोनों कप्तानों को लगता है कि तीन मैचों के बाद 1-1 की बराबरी दोनों पक्षों के बीच प्रतिस्पर्धा का एक उचित प्रतिबिंब है, लेकिन एमसीजी में चीजें जल्दी बदल सकती हैं।, भारत अपने पसंदीदा ऑस्ट्रेलियाई स्थलों में से एक पर वापस आ गया है, जहाँ वे 2014 की श्रृंखला के बाद से टेस्ट में अपराजित रहे हैं। तीन टेस्ट मैचों में से अंतिम दो (2018-19 और 2020-21) (अन्य 2014-15) में भारत ने जीत दर्ज की, जहाँ ठोस बल्लेबाजी ने अपनी भूमिका निभाई। लेकिन तीन युवा खिलाड़ियों (यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल), एक आत्मविश्वास से भरे सलामी बल्लेबाज (केएल राहुल) और कुछ उम्रदराज दिग्गजों (विराट कोहली और रोहित) के साथ यह लाइन-अप बहुत आश्वस्त नहीं दिख रहा है। उन्हें एक घरेलू टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जो वास्तव में पसंदीदा नहीं है, लेकिन उसने जबरदस्त लचीलापन दिखाया है। आलोचनाओं का सामना कर रहे रोहित के लिए, एक टेस्ट बल्लेबाज के रूप में उनकी अपनी प्रतिष्ठा दांव पर है, जबकि कोहली को अपने भीतर के चैंपियन को चैनलाइज़ करने की आवश्यकता होगी, जिसने अपने टी20 करियर में सबसे चर्चित छक्कों के साथ एमसीजी क्षितिज को रोशन किया। उन छक्कों के लिए कौशल की आवश्यकता थी, अब स्थिति में धैर्य की आवश्यकता होगी जब पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क ऑफ स्टंप के बाहर की जांच करने वाली लाइन से उन्हें परेशान करेंगे। कप्तान को रन बनाने होते हैं और चोटिल जोश हेजलवुड के बिना भी, ऑस्ट्रेलिया एक मुश्किल टीम होगी, क्योंकि स्थानीय हीरो स्कॉट बोलैंड उन कठिन लंबाई की गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। जायसवाल, गिल और पंत अपनी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहेंगे और अपने कप्तान की उम्मीद के मुताबिक एक साफ-सुथरी मानसिकता के साथ खेल में उतरेंगे।

### भारतीय गेंदबाजी संयोजन

मेजबानों के लिए, सभी की निगाहें किशोर सनसनी सैम कोंस्टास पर होंगी, जिन्हें जसप्रीत बुमराह से मुकाबला करने के लिए आक्रामक खेल के साथ भविष्य के लिए तैयार किया गया है। कोंस्टास को यह जानकर अच्छा लगेगा कि बुमराह ने पहले ही अपने पूर्ववर्ती नाथन मैकस्वीनी के करियर पर ब्रेक लगा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी अच्छी खबर यह है कि आक्रामक ट्रेविस हेड पूरी तरह से फिट हैं और मेलबर्न में खेलने के लिए तैयार हैं, जिससे रोहित के माथे पर झुर्रियाँ और बढ़ सकती हैं। हेड ने बुधवार को एक विस्तारित सत्र में भाग लिया, जहाँ उन्होंने फिटनेस टेस्ट दिया और फिर नेट पर अच्छे लय में दिखे। 89, 140 और 152 के स्कोर के साथ, भारतीय गेंदबाजों को अपने मुख्य खतरे का मुकाबला करने के लिए कुछ विशेष योजनाओं की आवश्यकता है। तापमान 40 डिग्री के करीब रहने का अनुमान है, जिसके बाद दूसरा दिन भी उतना ही गर्म रहेगा, यही वजह है कि टीम प्रबंधन एक अतिरिक्त स्पिनर की भूमिका पर गंभीरता से विचार कर रहा है। लेकिन अगर कोई एमसीजी में हाल के टेस्ट मैचों में टीमों को देखता है, तो दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर का विकल्प कभी भी व्यवहार्य नहीं दिखता है। पिछले कुछ वर्षों में एमसीजी की पिचों में बहुत अधिक दरारें नहीं हैं, लेकिन वे अलग-अलग उछाल दे सकती हैं, जिसका नाथन लियोन ने अतीत में भरपूर उपयोग किया है। लेकिन फिर लियोन, एक फिंगर स्पिनर के रूप में, अपेक्षाकृत अनुभवहीन वाशिंगटन सुंदर की तुलना में एक अलग लीग में हैं। सवाल यह है कि वाशिंगटन में कोई कहाँ फिट बैठता है? नितीश रेड्डी को टीम से बाहर करना बहुत ही खराब कदम हो सकता है। क्या वे परिस्थितियों को देखते हुए आकाश दीप जैसे तेज गेंदबाज को टीम से बाहर करेंगे? ऐसा लगता नहीं है कि यह तब तक संभव है जब तक कि कोई ऐसा तेज गेंदबाज न हो जो इस स्थान पर हो। रोहित के पास कप्तान के तौर पर बहुत कुछ होगा और अगर वह शीर्ष पर वापस जाते हैं तो बल्लेबाज के तौर पर भी उनके पास बहुत कुछ होगा। मैच सुबह 5 बजे शुरू होगा।




## मैं दोगुना काम कर रहा था

सोनिक द हेजहॉग 3 के ट्रेलर ने प्रशंसकों को दीवाना बना दिया है! सोनिक, नकल्सा और टेल्से एक बार फिर हमारे ग्रह को बचाने के लिये साथ आ गये हैं। इधर जिम कैरी खलनायक डॉ. इवो रोबोटनिक की भूमिका में शानदार वापसी कर रहे हैं और कीयानु री॰?स ने शैडो को अपनी आवाज दी है। दीवानागी तो जिम कैरी की वापसी से पैदा हुए रोमांच की है! वह डॉ. इवो रोबोटनिक की भूमिका के साथ वापसी कर रहे हैं और उतने ही कपटी उसके दादाजी गेराल्डश रोबोटनिक की भूमिका भी निभाएंगे। गेराल्डह की उम्र 110 साल है और शैडो की कुटिल चालों के जनक वही हैं।कैरी ने मजाक में कहा, ÷मुझे बहुत बाद में अहसास हुआ कि मैं एक ही भुगतान में दोगुना काम कर रहा था।

## सीता का उग्र अवतार सहस्त्र रावण के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया

श्रीमद् रामायण में श्री राम और सीता की महागाथा को दर्शाया गया है। शो में दर्शकों ने हाल ही में एक भावुक क्षण देखा जब श्री राम अनजाने में अपने जुड़वां बेटों लव और कुश का युद्ध के मैदान में सामना करते हैं। आगामी एपिसोड में दर्शक सीता जैसे ही जंगल में कदम रखती है, सहस्त्र रावण उसे फँसा लेता है। खुद को बचाने के लिए, सीता देवी पार्वती को मदद के लिए पुकारते हुए ध्यान लगाना शुरू कर देती है। जब वह ध्यान करती है, तो सहस्त्र रावण हैरान होकर देखता है कि सीता एक भयंकर अवतार लेती है और धीरे-धीरे नीली हो जाती है और माँ चंडी का रूप ले लेती है। यह दृश्य उसे एक पुराने श्राप की याद दिलाता है, उसे एहसास होता है कि उसकी मृत्यु देवी लक्ष्मी से जुड़ी हुई थी, जिससे उसे आश्चर्य होता है कि क्या यह उसका अंत है, क्योंकि सीता देवी लक्ष्मी का दूसरा रूप है।



## जया जी को गजरा बहुत पसंद है



गेम शो, 'कौन बनेगा करोड़पति सीज़न 16', में इस सप्ताह हॉट सीट पर आसीन होने के दौरान, प्रियंका ने गेम में एक अप्रत्याशित और मज़ेदार ट्विस्ट पेश किया और अमिताभ बच्चन से कई तरह के मज़ाकिया और स्पष्ट सवाल पूछें, जिसकी शुरुआत कुछ इस तरह हुई, आपका घर इतना बड़ा है, अगर रिमोट खो जाए तो कैसे ढूंढते हैं? श्री बच्चन, जो खुद भी अपने मज़ाकिया स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने जवाब दिया, सीधा सेट-टॉप बॉक्स के पास जाके उससे कंट्रोल करते हैं! प्रियंका ने पूछा, सर, मध्यमवर्गीय परिवारों में जब रिमोट खो जाता है, तो घर में लड़ाई हो जाती है। क्या आपके घर में भी ऐसा होता है? अमिताभ बच्चन ने जवाब दिया, नहीं, देवी जी, हमारे घर में ऐसा नहीं होता। दो तकिये होते हैं सोफे पर, रिमोट उनमें छुप जाता है। बस वही ढूंढना पड़ता है। प्रियंका अगले सवाल की ओर आगे बढ़ी, जब मैं ऑफिस से घर जाती हूं, तो मम्मी बोलती हैं धनिया या कुछ और ले आना। क्या जया मैम आपको भी कुछ लाने के लिए कहती हैं? अमिताभ बच्चन ने कहा, बिल्कुल कहती हैं। कह देती हैं, 'अपने आप को ले आना घर!' प्रियंका आखिरी अगले सवाल की ओर बढ़ीं, सर, कभी एटीएम जाके कैश निकाला है और अपना बैलेंस चेक किया है? अमिताभ बच्चन ने हंसते हुए जवाब दिया, ना तो हम अपने पास कैश रखते हैं, ना कभी एटीएम गए हैं, क्योंकि हमारे पास समझ नहीं आता कि करते कैसे हैं। लेकिन जया जी के पास होता है। मैं उनसे पैसे मांगता हूं। जया जी को गजरा बहुत पसंद है, तो रास्ते में जब छोटे बच्चे हार बेचने आते हैं, तो मैं उनसे खरीदता हूं और वो हार कभी जया जी को देता हूं या कभी गाड़ी में रख लेता हूं, क्योंकि उनकी महक अच्छी लगती है।



# पाकिस्तानी हमले के बाद तालिबान ने की निंदा, बदला लेने की खाई कसम

**काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं। यह हमले अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में किए गए जिससे महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार रात हुए इन हमलों में लमन सहित कई गांवों पर हमले किए गए। सूत्रों का दावा है कि बमबारी के लिए पाकिस्तानी ने जेट विमान का इस्तेमाल किया। हवाई हमलों के बाद इलाके में तनाव और बढ़ गया है। मरने वालों में एक ही परिवार के पांच लोग शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलों के बाद बचाव कार्य जारी है। इस बीच तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने पक्तिका पर हुए हवाई हमले के बाद जवाब देने की कसम खाई है। तालिबान ने कहा है कि अपनी धरती और संप्रभुता को बचाने के लिए वह कुछ भी कर सकता है। समूह ने हमले की निंदा करते कहा कि पाकिस्तान ने इन हमलों में वजीरिस्तानी शरणार्थियों को निशाना बनाया है। वज़ीरिस्तानी शरणार्थी वे लोग हैं जो पाकिस्तान के कबायली इलाकों में सेना के हमलों के बाद विस्थापित हुए थे। पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। बीते कुछ दिनों से पाकिस्तान और तालिबान हुकूमत के बीच संघर्ष नजर आ रहा है। तालिबान के क्षेत्रीय संगठन पाकिस्तानी तालिबान जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के नाम से भी जाना जाता है, उसने हाल के महीनों में पाकिस्तानी सेना पर लगातार हमले किए हैं जिससे पाकिस्तान बौखला रहा है। पाकिस्तान ने तालिबान पर इन आतंकवादियों को शरण देने का आरोप लगाया है।

# गाजा में राहत सामग्री के 100 ट्रक लूटे

## बच्चे कूड़े के ढेर में खाना ढूंढ रहे, 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर

**गाजा ।** करीब 15 महीनों से जारी इजराइल-हमास युद्ध की वजह से गाजा के 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सबसे खराब हालात उत्तर गाजा की है, जहां इजराइल ने सबसे पहले हमला किया था। हालात इतने खराब है कि ह की तरफ से भेजी जा रही राहत सामग्री को रास्ते में ही लूट लिया जा रहा है।

हाल ही में एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उत्तर गाजा में पिछले ढाई माह में राहत सामग्री के सिर्फ 12 ट्रक ही पहुंच पाए, जबकि 100 से ज्यादा ट्रकों को रास्ते में ही लूट लिया गया। हालात इतने खराब हैं कि लोगों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। औरतें और बच्चे कचरे के ढेर से खाना बीनकर खाने को मजबूर हैं। ऑक्सफैम का आरोप है कि 6 अक्टूबर से इजराइल जानबूझकर जबालिया, बेत लाहिया और बेत हनून की सैन्य घेराबंदी बढ़ा रहा है। ऐसा करके वो उत्तरी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने से रोक रहा है।



### बच्चों को खेलने से मना करते हैं ताकि चक्कर न आएं

गाजा में रहने वालों का कहना है कि परिवार के बड़े लोग बच्चों को खेलने से मना करते हैं, ताकि उन्हें चक्कर न आएं। 15 लोगों के परिवार में खाने के लिए सिर्फ एक पैकेट बिस्किट है। एक तिरपाल की कीमत 15 हजार रुपए है। एक तंबू बनाने के लिए 5 तिरपाल (76 हजार रुपए) चाहिए। बिजली की कोई संभावना नहीं है। एक कर्मचारी ने बताया कि एक पूरा परिवार एक अंडे के लिए डेर अल-बला इलाके में खोज कर रहा था, ताकि टूटी हड्डी वाले एक रिश्तेदार की कैल्शियम की जरूरत पूरी हो सके। अंडे की कीमत लगभग 500 रुपए थी।

### राफेह का अबू राहत सामग्री का बड़ा लुटेरा

राहत ट्रकों के ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों का कहना है कि गाजा में सबसे बड़ी लुटेरी गैंग यासर अबू शबाब की है। उसका गिरोह पूर्वी राफेह के नत्र इलाके पर हावी है। वह राफेह का माफिया है। 25 नवंबर को हमास ने छापा मारा, जिसमें अबू के भाई सहित 20 लोग मारे गए थे। हमास का आरोप है कि गाजा में राहत सामग्री लूटने वाली गैंग को इजराइली सेना समर्थन दे रही है। दावा है कि शबाब की गैंग अभी तक सौ से ज्यादा ट्रकों को लूट चुकी है। इजराइल का कहना है कि हमास के लड़ाके ही राहत सामग्री लूट रहे हैं।

# सीरिया में तख्तापलट के बाद छाया गंभीर आर्थिक संकट, पड़ी महंगाई की मार

## एक कप कॉफी पीने के लिए पैसे नहीं, देना पड़ रहा नोटो का बंडल

**दमिश्क,।** सीरिया में तख्तापलट और विद्रोहियों के कब्जे के बाद आज वह गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। हाल ही में राष्ट्रपति असद के देश छोड़ने और तख्तापलट के बाद यह संकट और गहरा गया है। गृहयुद्ध, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और वैश्विक अलगाव ने देश को महंगाई के ऐसे जाल में फंसा दिया है कि आम नागरिकों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किलों से घिर गई है।

मीडिया रिपोर्ट में एक इंस्टाग्राम वीडियो में सीरिया के हालात बयां किए गए हैं। यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अब पर्स रखना छोड़ दिया है, क्योंकि सामान खरीदने के लिए नोटों के बंडल देने पड़ते हैं। यहां के रेस्टोरेंट में मेन्यू में कीमतें नहीं लिखी होतीं, क्योंकि कोई भी कीमत स्थिर नहीं है। विदेशी ब्रांड्स ने भी सीरिया से अपने उत्पाद हटा लिए हैं, और स्थानीय उत्पादों पर नागरिक निर्भर हो गए हैं। सीरिया के आर्थिक संकट की जड़ उसकी मुद्रा, सीरियन पाउंड में भारी गिरावट आई है। एक समय था जब एक अमेरिकी डॉलर 50 सीरियन पाउंड के बराबर था, लेकिन आज यह दर 15 हजार पाउंड प्रति डॉलर तक पहुंच गई है। हालात इतने खराब हैं कि एक कप कॉफी की कीमत 25 हजार सीरियन पाउंड है। इस वीडियो को 10 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-यह देखना दिल तोड़ने वाला है कि एक देश इस स्थिति में पहुंच गया है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा-ऐसे हालत में जीने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कई लोगों ने अंतरराष्ट्रीय मदद की कमी पर सवाल उठाए हैं। एक यूजर ने कहा कि दुनिया को सीरिया के पुनर्निर्माण में ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com